AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : स्नातक में केंद्रीयकृत होगा मूल्यांकन

## विवि प्रशासन ने केंद्रों को दी सूचना, जिलों से भी कॉपियां आएंगी विश्वविद्यालय

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ ही कॉपियों के मूल्यांकन की भी तैयारी शुरू कर दी है। विवि प्रशासन ने नए संबद्ध हुए जिलों के कॉलेजों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर कहा है कि स्नातक की कॉपियों का मूल्यांकन केंद्रीकृत तरीके से विश्वविद्यालय में ही होगा।

निर्धारित व्यवस्था के अनुसार परीक्षा के बाद कॉपियां सील पैकेट में विश्वविद्यालय आएंगी। यहां बीए, बीएससी, बीकॉम के लिए अलग-अलग मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इनको कोर्स वाइज कॉपियां देकर जंचवाई जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने कॉलेजों को निर्देश दिया है कि विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था ऐसी हो कि उनके चेहरे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दें। कैमरे चालू स्थिति में हों और इनकी रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखी जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर इसे चेक किया जा सके। परीक्षा केंद्र परीक्षा से निर्धारित समय पहले खोला जाए और विद्यार्थियों को समय से प्रवेश दिया जाए। किसी विशेष परिस्थिति में केंद्र अध्यक्ष स्वविवेक से परीक्षा शुरू होने के बाद विद्यार्थी को प्रवेश दें, लेकिन यह अवधि भी 30 मिनट से ज्यादा नहीं होगी। किसी भी परीक्षार्थी को दो घंटे से पहले उत्तर पुस्तिका जमाकर कैंपस से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

लविवि में मंगलवार से शुरू हुई पहले सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को कोविड प्रोटोकॉल के साथ प्रवेश दिया गया। -संवाद

### पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों की स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। पहले दिन दोनों पालियों में परीक्षा का आयोजन हुआ। इस साल से पहली बार विश्वविद्यालय से संबद्ध हुए रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के कॉलेजों में भी परीक्षाएं हो रही हैं। इसके लिए विवि प्रशासन ने अतिरिक्त व्यवस्था भी की है। पहले दिन पहली पाली में सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक बीए फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली का पहला पेपर था। वहीं, दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक बीएससी जियोलॉजी व बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं हुईं। परीक्षा को लेकर सतर्कता रही। विद्यार्थियों को गेट पर ही जांच के बाद प्रवेश दिया गया। कोविड नियमों के अनुसार उन्हें निर्धारित दूरी पर बैठाया गया। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में प्रॉक्टोरियल टीम ने विश्वविद्यालय स्थित केंद्र पर निरीक्षण किया, जबकि अन्य चार जिलों में भी सात टीमें भेजी गईं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। पहली पाली में 3420 विद्यार्थी थे, जिसमें से 70 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 6875 परीक्षार्थी थे, जिसमें से 79 अनुपस्थित रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### नेट जेआरएफ में कई छात्र सफल

**लखनऊ।** लविवि के विज्ञान के परास्नातक के काफी छात्रों ने नेट जेआरएफ परीक्षा में सफलता पाई है। वहीं आधा दर्जन छात्रों को अच्छी रैंक भी मिली है। अच्छी रैंक पाने वालों में सुधांशु बाजपेयी, मोहम्मद जावेद, विष्णु गुप्ता, प्रिंसी गुप्ता, आयुषी कपूर, सुमित देव भट्ट शामिल हैं। विवि प्रशासन के अनुसार लगभग 36 छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों में नेट जेआरएफ परीक्षा पास की है। उक्त के अलावा अवनीश अवस्थी, अब्दुल फैज अंसारी, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह, उमा शंकर बाजपेयी, सर्वेश कुमार अवस्थी, राजेश कुमार सिंह, अब्दुल रहीम, अलका, आकांक्षा दुबे, आकांक्षा सिंह आदि शामिल हैं। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि एनटीए द्वारा आयोजित यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए छात्रों को विश्वविद्यालयों में और अनुसंधान प्रयोगशालाओं में अध्ययन के लिए फेलोशिप प्रदान करती है। यह विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने के मानदंडों में से एक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कई छात्रों ने गेट और आईआईटी जैम परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 6

# एलयू : एनईपी के तहत परीक्षाएं शुरू

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी की स्नातक (बीए, बीकॉम, बीएससी) पहले सेमेस्टर दिसंबर-2021 की परीक्षाओं का आगाज मंगलवार से हो गया। सुबह की पाली में बीए में फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली-1 (मेजर, माइनर) की परीक्षा हुई। इनमें 3420 परीक्षार्थी शामिल हुए। दूसरी पाली में पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में 6875 परीक्षार्थी शरीक हुए।

एलयू के साथ ही संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा दी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के मुताबिक लखनऊ के साथ ही हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर जिलों के कुल 197 केंद्रों पर परीक्षा हुई। स्नातक पहले सेमेस्टर परीक्षाओं में पहली बार चार नए जिलों के कॉलेज भी शामिल हुए हैं। इस दौरान सचल दल भी निरीक्षण करते रहे। वहीं, वेब कास्टिंग के जरिए चारों जिलों के नोडल केंद्रों पर नजर रखी गई। लखनऊ में 49 और चार अन्य जिलों में 148 केंद्र बनाए गए हैं। एलयू प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विवि परिसर में पहली पाली में सुबह 8.15 बजे और दूसरी पाली में 1.15 बजे से गेट नंबर एक, दो, चार व पांच से प्रवेश दिया गया।

**कुलपति को सौंपा ज्ञापनः** लखनऊ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मंगलवार को एलयू कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को छात्रवृत्ति आपूर्ति के संबंध में ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में छात्रवृत्ति आपूर्ति में कई समस्याएं आ रही हैं। काफी छात्रों की छात्रवृत्ति का सत्यापन पूरा नहीं हो सका है। शुल्क प्रतिपूर्ति और स्कॉलरशिप छात्रों के लिए अगले शिक्षा सत्र में मदद करता है। ऐसे में छात्रों की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए इनका समाधान किया जाए। इस दौरान आशीष चौबे आशु, रवि प्रकाश मिश्रा, अर्जुन मिश्रा, आर्यन मिश्रा, गोयल सोनकर, हर्षित पांडेय और कार्तिक पांडेय मौजूद रहे।

### नेट जेआरएफ में 36 पास, सुधांशु को मिली 7वी रैंक

■ **एनबीटी, लखनऊः** सीएसआईआर-नेट जेआरएफ के नतीजों में एलयू के विद्यार्थियों ने धमक दिखाई है। विवि के 36 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। इनमें सुधांशु बाजपेयी (भूविज्ञान) ने सातवीं रैंक हासिल की है। सफल होने वाले अन्य विद्यार्थियों में मो. जावेद (भूविज्ञान-14वीं रैंक), विष्णु गुप्ता (भूविज्ञान-17 वीं रैंक), प्रिंसी गुप्ता (वनस्पति विज्ञान-33 वीं रैंक), आयुषी कपूर (गणित-38 वीं रैंक), सुमित देव भट्ट (गणित-39 वीं रैंक) मुख्य रूप से शामिल हैं। इसके साथ ही अवनीश अवस्थी (भूविज्ञान), अब्दुल फैज अंसारी, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह और उमा शंकर बाजपेयी (गणित), सर्वेश कुमार अवस्थी (भौतिकी), राजेश कुमार सिंह, अब्दुल रहीम, अलका, आकांक्षा दुबे और आकांक्षा सिंह (वनस्पति विज्ञान) भी सफल रहे। इसी प्रकार विदुषी बनर्जी, अदिति पांडे अमृता साहू, अनुज, अनुराधा, सैयद मसूद, प्रतीक, शिखा वर्मा, श्रुति पांडे, श्रुति शुक्ला, आकृति तिवारी, वंदिता और मिहिर (जन्तु विज्ञान) के साथ ही आदित्य गुप्ता, प्रभात मिश्रा, विशाल मिश्रा (रसायन विज्ञान) ने नेट परीक्षा पास की है।

TOI PAGE 3

# LU UG first semester exam begins

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University undergraduate first semester examination began on Tuesday. Only 1% of students of LU and affiliated colleges in Lucknow, Hardoi, Sitapur, Lakhimpur Kheri and Rae Bareli missed the examination.

The examination of BA Hons in French, Pali and other languages was held. In the first shift of the examination as many as 3,420 students appeared while 70 were absent. In the second shift, as many as 6,875 students wrote the paper while 79 students gave it a miss. "Examination was held peacefully at all centres. Not a single case of unfair means was reported," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

### प्रो. रवींद्र की किताब का विमोचन

**लखनऊ।** मेरठ लिटरेरी फेस्टिवल में लविवि के अंग्रेजी विभाग के प्रो. रवींद्र प्रताप सिंह की पुस्तक कोरोना और आम आदमी की कविता का विमोचन किया गया। वहीं इस अवसर पर एक सत्र डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि की शिक्षिका डॉ. अलका सिंह की पुस्तक कलर्स ऑफ ब्लड के संदर्भ में लिट्रेचर विद ए कॉस पर हुआ। कार्यक्रम में मेरठ यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, बीएचयू से डॉ. सत्यपाल शर्मा सहित कई विद्वान मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### वासा न विभागाध्यक्षों के साथ बैठक

**लखनऊ।** लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निरीक्षण में गायब कर्मचारियों व शिक्षकों के मामले में मंगलवार को सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर कहा कि विभागों में समय से कक्षाएं आयोजित की जाएं। कुछ हेड्स ने परीक्षाओं का हवाला दिया तो उन्होंने कहा कि विभाग में रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा सकता है। इसमें पीएचडी के साथ अन्य जो शामिल हो सकने वाले छात्रों को बुलाया जाए। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

# एलयूः प्रश्न पत्र आसान, खिली मुस्कान

स्नातक परीक्षाएं

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय और सम्बद्ध चार जिलों के नए कॉलेजों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने पहली बार एनईपी मानकों पर तैयार प्रश्न पत्र हल किया। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक में एनईपी लागू करने के बाद प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हुईं। प्रश्न पत्र को लेकर छात्र-छात्राओं में असमंजस की स्थिति थी। प्रश्न पत्र देखने के बाद ही छात्रों का असमंजस दूर हुआ। परीक्षा देने वाले छात्रों में प्रश्न पत्र सरल होने की वजह से खुशी थी।

पहले दिन मुख्य रूप से बीए के छात्र-छात्राओं ने सुबह की पाली में उर्दू, संस्कृत, पाली, फ्रेंच और फंक्शनल संस्कृत प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा दी। सबसे ज्यादा छात्र उर्दू में शामिल रहे। छात्रों को तीन घंटे का समय मिला और दस में पांच प्रश्न हल करने थे। एक प्रश्न हल करने के लिए छात्रों को 30 मिनट से अधिक का समय मिला। छात्रों को 75 अंकों के प्रश्न पत्र हल करने थे।

### शांतिपूर्वक हुई परीक्षा

दूसरी पाली में बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं ने फंडामेंटल ऑफ फूड्स, न्यूट्रिशियन बायोकेमिस्ट्री का पर्चा हल किया। वहीं बीएससी प्रथम सेमेस्टर की जियोलॉजी (मेजर-माइनर) की भी परीक्षा हुई। परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं पहले दिन शांतिपूर्वक हुई।

### 191 केन्द्रों पर परीक्षा

स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली में 191 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सुबह की पाली में 3420 एवं शाम की पाली में 6875 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। पहली पाली में 70 वहीं दूसरी में 79 अनुपस्थित रहे।

**30** मिनट से अधिक समय मिला छात्रों को एक सवाल हल करने के लिए

**75** अंकों के प्रश्न पत्र हल करने थे छात्र छात्राओं को, समय भी पर्याप्त था

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। इस अवसर पर पहले दिन परीक्षा देते छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

### छात्र बोलेः जो पढ़ाया गया था वही आया

एनईपी लागू होने के बाद प्रश्न पत्र काफी आसान आया। जितना पाठ्यक्रम पढ़ाया गया उसमें से ही प्रश्न पूछे गए थे। 10 प्रश्न में से पांच प्रश्नों के ही उत्तर देने थे। इस कारण भी परीक्षा देना काफी आसान रहा और कोई परेशानी नहीं हुई। हुसैन अब्बास जैदी, बीए छात्र

### हमारे लिए उर्दू का पेपर काफी आसान रहा

उर्दू का प्रश्न पत्र काफी आसान रहा। 30 मिनट से ज्यादा का समय एक प्रश्न पत्र हल करने के लिए मिला। इसलिए उम्मीद है कि नम्बर अच्छे आएंगे। परीक्षा पूर्व असमंजस में थे। अब कोई असमंजस नहीं है। मो. अहमद, बीए छात्र

### आज से दोपहर की पाली में बीकॉम की परीक्षा

स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के अन्तर्गत बीकॉम की परीक्षा आज से होगी। बीकॉम की परीक्षा दोपहर दो से पांच बजे की पाली में होगी। बीए प्रथम पाली में बुधवार को फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, संस्कृत, उर्दू, पालि विषय का द्वितीय प्रश्न पत्र हल करना होगा।

### परेशानीः प्रवेश पत्र नहीं डाउनलोड हुए

बुधवार से शुरू होने वाली बीकॉम की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र नहीं डाउनलोड हो पा रहे हैं। मुख्य रूप से सम्बद्ध डिग्री कॉलेजों के छात्रों को समस्या हो रही है। वहीं परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानन्द त्रिपाठी ने कहा कि सभी छात्रों के प्रवेश पत्र अपलोड हो गए हैं। समस्या नहीं होगी।

### एलयू के छात्र नेट जेआरएफ में चमके

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक के छात्रों ने सीएसआईआर नेट-जेआरएफ परीक्षा परिणाम में सफलता पायी है। भूविज्ञान के सुधांशु बाजपेयी को ऑल इंडिया सातवीं रैंक, मो. जावेद ने ऑल इंडिया 14 वीं हासिल कर विवि का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही विष्णु गुप्ता को 17 वीं, प्रिंसी गुप्ता को 33 वीं रैंक, आयुषी कपूर को 38 वीं, सुमित देव भट्ट को 39 वीं रैंक मिली हैं।

एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 36 छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण की है।

i-NEXT PAGE 4

### सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से एलयू में चेक की जाएंगी कापियां

CONCEPT PIC

हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व रायबरेली की कापियों भी यूनिवर्सिटी में चेक होंगी

**LUCKNOW (28 Mar):** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ-साथ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की स्थिति भी स्पष्ट कर दी है. चार नए जिलों में परीक्षाओं की कापियों के मूल्यांकन में भी केंद्रीय पद्धति लागू होगी. यानी विश्वविद्यालय में कापियां जांची जाएंगी. इसके लिए अलग-अलग मूल्यांकन प्रकोष्ठ बनाए गए हैं. विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी केंद्र अध्यक्षों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं.

**300 से ज्यादा कॉलेज जुड़े**

अभी तक सिर्फ लखनऊ के कॉलेजों की कापियों का मूल्यांकन विश्वविद्यालय परिसर में होता है. अब हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के 300 से ज्यादा कालेज भी जुड़ गए हैं. इनमें भी स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं विश्वविद्यालय आयोजित करा रहा है. पहले विश्वविद्यालय की योजना थी कि इनकी कापियों का मूल्यांकन जिले में ही कराया जाए, लेकिन अब तय हो गया है कि केंद्रीयकृत व्यवस्था के तहत एलयू में ही सभी कापियां जांची जाएंगी. इसलिए कापियां समय से विश्वविद्यालय में भेजने के निर्देश दिए गए हैं.

**अगल से बन रहा प्रकोष्ठ**

कला, विज्ञान और वाणिज्य के लिए अलग-अलग मूल्यांकन प्रकोष्ठ बनाया जा रहा है. सीसी कैमरे की निगरानी में मूल्यांकन होगा. गौरतलब है कि स्नातक प्रथम वर्ष में एक लाख 31 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं.

### सीएसआईआर-नेट जेआरएफ में खूब चमके पीजी के स्टूडेंट्स

**एलयू के कई विद्यार्थियों ने बनाई शीर्ष रैंक में जगह**

**LUCKNOW (29 Mar):** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुंसधान परिषद (सीएसआईआर) नेट-जेआरएफ (नेशनल इलिजबिलिटी टेस्ट-जूनियर रिसर्च फेलोशिप) में लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक विज्ञान के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है. कई छात्र-छात्राओं ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह बनाई है. इनमें भू-विज्ञान के छात्र सुधांशु बाजपेयी को अखिल भारतीय स्तर पर सातवीं, मो. जावेद 14वीं, विष्णु गुप्ता 17वीं रैंक मिली है। सफल विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट, डाक्टरेट अनुसंधान के लिए छात्रों को विश्वविद्यालयों में और अनुसंधान प्रयोगशालाओं में अध्ययन के लिए फेलोशिप प्रदान करती है। यह विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने के मानदंडों में से एक है। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थी शीर्ष रैंक पाने में सफल रहे।

इनमें वनस्पति विज्ञान में प्रिंसी गुप्ता ने 33वीं, आयुषी कपूर ने गणित में 38वीं, सुमित देव भट्ट ने 39वीं रैंक हासिल की है। करीब 36 विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों में नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही सीएसआइआर-यूजीसी जेआरएफ परीक्षा पास करने वालों में अवनीश अवस्थी, अब्दुल फैज अंसारी, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह, उमा शंकर बाजपेयी, सर्वेश कुमार अवस्थी, राजेश कुमार सिंह, अब्दुल रहीम, अलका, आकांक्षा दुबे, आकांक्षा, विदुषी बनर्जी, अदिति पांडे, अमृता साहू, अनुज, अनुराधा, आसैद मसूद, प्रतीक, शिखा वर्मा, श्रुति पांडे, श्रुति शुक्ला, आकृति तिवारी, वंदिता, मिहिर, आदित्य गुप्ता, प्रभात मिश्रा, विशाल मिश्रा शामिल हैं।

**जेआरएफ विलयर**

इसके साथ सीएसआइआर-यूजीसी जेआरएफ परीक्षा पास करने वालों में अवनीश अवस्थी, अब्दुल फैज अंसारी, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह, उमा शंकर बाजपेयी, सर्वेश कुमार अवस्थी, राजेश कुमार सिंह, अब्दुल रहीम, अलका, आकांक्षा दुबे, आकांक्षा, विदुषी बनर्जी, अदिति पांडे, अमृता साहू, अनुज, अनुराधा, आसैद मसूद, प्रतीक, शिखा वर्मा, श्रुति पांडे, श्रुति शुक्ला, आकृति तिवारी, वंदिता, मिहिर, आदित्य गुप्ता, प्रभात मिश्रा, विशाल मिश्रा शामिल हैं.

**इस परीक्षा में विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने शीर्ष रैंक में जगह बनायी है. वनस्पति विज्ञान में प्रिंसी गुप्ता ने 33वीं पोजीशन हासिल की है.**

### शिक्षकों ने देखी टैगोर लाइब्रेरी

**LUCKNOW :** लखनऊ विश्वविद्यालय की टैगोर लाइब्रेरी का हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर के कालेजों के शिक्षकों ने मंगलवार को भ्रमण किया. वे समाजकार्य विभाग में चल रही नई शिक्षा नीति-2020 विषय पर अधारित कार्यशाला में शामिल होने आए थे. इस दौरान शिक्षकों ने लाइब्रेरी के विभिन्न विभागों एवं सेवाओं की जानकारी ली। यहां की आधुनिक सेवाओं को भी देखा.

### प्रो. वीएस राम की जयंती मनाई

लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के संस्थापक प्रो. वीएस राम की मंगलवार को 125वी जयंती मनाई गई. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मनुका खन्ना एवं विभाग के अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में प्रो. राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके अकादमिक योगदान को सभी से अवगत कराया.

### छात्रवृत्ति की समस्या पर ज्ञापन

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को अभी तक सत्र 2021-22 की छात्रवृत्ति नही मिल पाई है. इस समस्या को लेकर मंगलवार को समाजवादी छात्रसभा ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान कई विद्यार्थी भी मौजूद रहे. समाजवादी छात्र सभा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष कार्तिक पांडेय का कहना है कि बहुत से विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्हें छात्रवृत्ति से ही आगे की पढ़ाई करनी होती है. अभी तक छात्रवृत्ति न मिलने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इसलिए उनकी समस्या जल्द दूर की जानी चाहिए. ज्ञापन देने वालों में आकाश सिंह, सुयश यादव, प्रणय चतुर्वेदी, शिवम सोनी, शिवांश त्रिपाठी आदि छात्र मौजूद रहे.

JAGARAN CITY PAGE III

### समय से आएं विभागों के हेड और शिक्षकः कुलपति

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को उन विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की, जहां एक दिन पहले निरीक्षण के दौरान स्थिति ठीक नहीं मिली थी। बैठक में उन्होंने विभागाध्यक्षों से कहा कि निरंतर गतिविधियां होनी चाहिए। विद्यार्थियों को भी जोड़ें। सभी लोग समय से आएं। वहीं, दूसरी ओर विश्वविद्यालय की डिस्पेंसरी में निरीक्षण के दौरान एक डाक्टर व दो कर्मचारी के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें भी नोटिस जारी किया गया। (जासं)

### जयंती मनाई

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग के संस्थापक प्रो. वीएस राम की मंगलवार को 125वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मनुका खन्ना एवं विभाग के अन्य शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रो. राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके अकादमिक योगदान को सभी से अवगत कराया। (जासं)

**स्नातक प्रथम सेमेस्टर** | नकल रोकने के लिए जिलों में सचल दल ने किया औचक निरीक्षण

# 149 विद्यार्थियों ने पहले ही दिन छोड़ी परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देते विद्यार्थी • सौजन्य : लवि

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक (बी.ए, बी.काम, बी.एससी) प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। इसके लिए लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर में 197 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन सुबह की पाली में बी.ए प्रथम सेमेस्टर में फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली-1 (मेजर, माइनर) विषय की परीक्षाएं हुईं। नकल रोकने के लिए जिलों में सचल दल ने औचक निरीक्षण भी किया। लवि की स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में पहले दिन छात्र संख्या कम रही। पांच जिलों को मिलाकर दोनों पालियों में 10,265 उपस्थित रहे। 149 ने परीक्षा छोड़ दी।

सुबह नौ बजे से परीक्षा के लिए परिसर में साढ़े आठ बजे से छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र की जांच कर अंदर भेजा गया। प्राक्टोरियल बोर्ड ने भी चेकिंग भी की। कालीचरण पीजी कालेज में भी विद्यार्थियों को निर्धारित दूरी पर बैठाया गया था। वहीं, दोपहर की पाली में बी.एससी प्रथम सेमेस्टर व बी.ए प्रथम सेमेस्टर जियोलाजी-(मेजर, माइनर) पेपर-1 और बीएससी होम साईस-प्रथम सेमेस्टर में फंडामेंटल्स आफ फूड्स एंड न्यूट्रिशनल बायोकेमिस्ट्री विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण रही। वेब कास्टिंग के जरिए चारो जिलों के नोडल केंद्रों पर नजर रखी गई।

### व्यवस्थापक का रोकें वेतन, प्रिंसिपल पर करें कार्रवाई

यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्र व्यवस्थापकों की मनमानी जारी है। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा लगातार केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों व कर्मचारियों की उपस्थिति और अनुपस्थिति संबंधी ब्योरा मांगा जा रहा है, मगर कोई असर नहीं हो रहा। इस पर डीआइओएस डा. अमरकांत सिंह ने एक केंद्र व्यवस्थापक का वेतन रोका है, दूसरे को चेतावनी के साथ ही एक प्रिंसिपल के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया है। लखनऊ पब्लिक एकेडमी हाईस्कूल इंदिरा की केंद्र व्यवस्थापक रेनू द्वारा कक्ष निरीक्षकों का डाटा निर्धारित समय के भीतर आनलाइन फीड नहीं किया गया। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। राजकीय इंटर कालेज रहीम नगर की केंद्र व्यवस्थापक सहायक अध्यापिका मंजू द्वारा पर्यवेक्षण न करने और समय पर सूचना न देने पर उनका वेतन रोकने के आदेश दिए गए हैं। भगवान देई शिवराम इंटर कालेज हाफिजखेड़ा की प्रिंसिपल ने सोमवार को दूसरी पाली की परीक्षा से पूर्व एक छात्रा के विषय को परिवर्तित कर दिया। इसके चलते छात्रा को परेशानी हुई। डीआइओएस ने स्कूल प्रबंधक से प्रिंसिपल के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर विद्यालय की मान्यता रद करने की चेतावनी दी है।

# सीएसआइआर-नेट जेआरएफ में चमके परास्नातक के विद्यार्थी

## लखनऊ विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने बनाई शीर्ष रैंक में जगह

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुंसधान परिषद (सीएसआइआर) नेट-जेआरएफ (नेशनल इलिजबिलिटी टेस्ट - जूनियर रिसर्च फेलोशिप) में लखनऊ विश्वविद्यालय के परास्नातक विज्ञान के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। कई छात्र-छात्राओं ने शीर्ष स्थान में अपनी जगह बनाई है। इनमें भू-विज्ञान के छात्र सुधांशु बाजपेयी को अखिल भारतीय स्तर पर सातवीं, मो. जावेद 14वीं, विष्णु गुप्ता 17वीं रैंक मिली है। सफल विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट, डाक्टरेट अनुसंधान के लिए छात्रों को विश्वविद्यालयों में और अनुसंधान प्रयोगशालाओं में अध्ययन के लिए फेलोशिप प्रदान करती है। यह विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर बनने के मानदंडों में से एक है। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय के कई विद्यार्थी शीर्ष रैंक पाने में सफल रहे।

इनमें वनस्पति विज्ञान में प्रिंसी गुप्ता ने 33वीं, आयुषी कपूर ने गणित में 38वीं, सुमित देव भट्ट ने 39वीं रैंक हासिल की है। करीब 36 विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न विषयों में नेट-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके साथ ही सीएसआइआर-यूजीसी जेआरएफ परीक्षा पास करने वालों में अवनीश अवस्थी, अब्दुल फैज अंसारी, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव सिंह, उमा शंकर बाजपेयी, सर्वेश कुमार अवस्थी, राजेश कुमार सिंह, अब्दुल रहीम, अलका, आकांक्षा दुबे, आकांक्षा, विदुषी बनर्जी, अदिति पांडे, अमृता साहू, अनुज, अनुराधा, आसैद मसूद, प्रतीक, शिखा वर्मा, श्रुति पांडे, श्रुति शुक्ला, आकृति तिवारी, वंदिता, मिहिर, आदित्य गुप्ता, प्रभात मिश्रा, विशाल मिश्रा शामिल हैं।

सुधांशु बाजपेयी | विष्णु गुप्ता | मो. जावेद | प्रिंसी गुप्ता

नगर की अन्य महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# लवि में केंद्रीयकृत प्रणाली से जांची जाएंगी कापियां

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ-साथ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की स्थिति भी स्पष्ट कर दी है। चार नए जिलों में परीक्षाओं की कापियों के मूल्यांकन में भी केंद्रीय पद्धति लागू होगी। यानी विश्वविद्यालय में कापियां जांची जाएंगी। इसके लिए अलग-अलग मूल्यांकन प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी केंद्र अध्यक्षों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

अभी तक सिर्फ लखनऊ के कालेजों की कापियों का मूल्यांकन विश्वविद्यालय परिसर में होता है। अब हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के 300 से ज्